# कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक स्वास्थ्य यॉंत्रिकी विभाग
# जगदलपुर मण्डल, जगदलपुर

क्रमांक 01/17-18/स्था./अ.अ./लो.स्वा.यॉं.वि./जगदलपुर/2017 दिनांक 16.11.2017

विज्ञापन

## सीधी भर्ती से हैण्डपंप तकनीशियन के रिक्त पद को भरने हेतु विज्ञापन

प्रमुख अभियंता, लोक स्वास्थ्य यॉंत्रिकी विभाग, छत्तीसगढ़, नया रायपुर के ज्ञापन क्रमांक 8169/स्था./दिनांक 03.11.2017 के तहत प्राप्त अनुमति अनुसार बस्तर संभाग के अन्तर्गत जिला बस्तर/दन्तेवाड़ा/बीजापुर/सुकमा/के उम्मीदवारों से तृतीय श्रेणी हैण्डपंप तकनीशियन (अराजपत्रित) के पद भरने हेतु छत्तीसगढ़ शासन, लोक स्वास्थ्य यॉंत्रिकी विभाग (अराजपत्रित) (भर्ती तथा सेवा की शर्ते) नियम 2016 के प्रावधान अनुसार दिनांक 15.12.2017 सांय 05:00 बजे तक आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। भर्ती से संबधित अन्य जानकारी यथा–पद का वेतनमान निर्धारित आर्हता, चयन प्रक्रिया, आवेदन पत्र का प्रारूप तथा अन्य जानकारी संलग्न है। इच्छुक अभ्यार्थी निर्धारित तिथि तक पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट से इस कार्यालय में प्रस्तुत करें।

**रिक्त पद की जानकारी**

| क्र. | पद का नाम | कुल रिक्त पद | वर्ग | | | | | | | | | | विहित शैक्षणिक अर्हता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अ.जा. | | अ.ज.जा. | | | अ.पि.वर्ग | | | अनारक्षित | | |
| | | | महिला | पुरूष | महिला | मुक्त | दिव्यांग | महिला | मुक्त | दिव्यांग | महिला | मुक्त | |
| 1. | हैण्डपम्प तकनीशियन (नियमित पद) वेतनमान लेवल–5 न्यूनतम वेतन रू. 22400/– | 14 | — | — | 2 | 7 | 2 | 1 | 1 | 1 | 0 | 0 | 01) हायर सेकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण या 10+2 परीक्षा उत्तीर्ण तथा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान(आई.टी.आई.) से फीटर ट्रेड या मेकेनिकल ट्रेड यां मोटर मेकेनिकल ट्रेड, ट्रेक्टर मेकेनिकल ट्रेड, ऑटोमोबाईल मेकेनिक ट्रेड, तथा मशीनिष्ट ट्रेड का 02 वर्षीय पाठ्यक्रम प्रमाण–पत्र उत्तीर्ण होना चाहिए। **फीटर ट्रेड को प्राथमिकता दी जाएगी** 02) **(दिव्यांगों) के लिए** – (OL, OA, HH न्यूनतम 45% का प्रमाण–पत्र) |

**नियम व शर्ते :–**

1. न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता हायर सेकेण्ड्री परीक्षा या 10+2 परीक्षा के अंकसूची में प्राप्तांकों की मेरिट आधार पर चयन किया जावेगा ।
   हैण्पम्प तकनीशियन पद के लिए उक्त ट्रेडों से आई.टी.आई. परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है ।
2. वांछित प्रमाण–पत्र एवं अंक सूचियों की सत्य प्रति/छाया प्रतियां सहित उम्मीदवार का आवेदन दिनांक **15.12.2017** सांय **5:00** बजे तक पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा अधीक्षण अभियंता, लोक स्वास्थ्य यॉंत्रिकी विभाग, जगदलपुर मण्डल, जगदलपुर, जिला – बस्तर (छ.ग.) पिन कोड – 494001 के कार्यालय में अनिवार्य रूप से प्राप्त हो जाना चाहिए, विलम्ब से प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा।
3. सीधे आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे । लिफाफे पर नाम, पद का नाम एवं आवेदित वर्ग का नाम स्पष्ट रूप से अंकित होना आवश्यक है ।
4. जाति के समर्थन में उम्मीदवार को सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण–पत्र की छायाप्रति आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।
5. छ.ग. का मूल निवासी प्रमाण–पत्र प्राधिकृत अधिकारी का आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।

क्रमशः . . .02

अधीक्षण अभियंता
लोक स्वास्थ्य याँत्रिकी विभाग
जगदलपुर मण्डल जगदलपुर

6. दिनांक 01 जनवरी 2017 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण हो तथा 35 वर्ष से अधिक न हो। आयु सीमा में छूट छ.ग. शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार होगी, किन्तु किसी भी दशा में 45 वर्ष से अधिक नही होगी। अभ्यर्थी की आयु की गणना विज्ञापन में उल्लेखित तिथि के अनुसार ही किया जावेगा। आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि के पश्चात, यदि किसी अभ्यर्थी द्वारा आयु में छूट संबंधी किसी प्रकार की पात्रता हासिल करता है तो उसे आयु की गणना हेतु मान्य नही किया जावेगा।
7. कोई भी उम्मीदवार जिसकी दो से अधिक जीवित संतान है, जिनमें से एक का जन्म 26 जनवरी, 2001 को या उसके पश्चात् हुआ हो, नियुक्ति के लिये पात्र नहीं होगा।
8. कोई भी उम्मीदवार जिसने विवाह के लिये न्यूनतम आयु से पूर्व विवाह कर लिया हो, नियुक्ति के लिये पात्र नहीं होगा।
9. बस्तर संभाग के अन्तर्गत जिला बस्तर/दन्तेवाड़ा/बीजापुर/सुकमा में से किसी भी जिले के जिला रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन होना आवश्यक है। (कार्यरत शासकीय/अर्द्ध–शासकीय/निगम/मण्डल के सेवकों को नियोक्ता का अनापत्ति प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना होगा।)
10. आवेदक के द्वारा आवेदन–पत्र जमा करने की तिथि में निर्धारित शैक्षणिक योग्यता का प्रमाण–पत्र एवं अन्य सभी प्रमाण–पत्रों की प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
11. अपूर्ण अस्पष्ट एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्रों के संबंध में उम्मीदवार को कोई सूचना नहीं दी जावेगी एवं ऐसे आवेदन पत्र अमान्य कर दिये जायेंगे।
12. पदों की संभावित रिक्तियों की संख्याओं में स्थिति के अनुसार कमी या वृद्धि हो सकती है, जिसके लिए विभाग का निर्णय अंतिम होगा ।
13. यह नियुक्ति बस्तर संभाग के निम्न उल्लेखित जिले के लिए है अतएव चयनित उम्मीदवार को रिक्तियों के आधार पर बस्तर संभाग के अन्तर्गत जिला बस्तर/दन्तेवाड़ा/बीजापुर/सुकमा में ही पदस्थापना की जावेगी।
14. महिला वर्ग के उम्मीदवार उपलब्ध न होने की स्थिति में संबंधित वर्ग के पुरूष उम्मीदवारों से भर्ती की जावेगी।
15. चयन प्रक्रिया में किसी भी स्तर पर आवेदक के अयोग्य पाये जाने पर उनके आवेदन पत्र निरस्त कर उसकी उम्मीदवारी समाप्त की जा सकेगी, जिसके लिए आवेदक स्वयं जिम्मेदार होंगे ।
16. चयन हेतु अभ्यार्थी की पात्रता/अपात्रता के संबंध में अंतिम निर्णय का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता को होगा।
17. किसी भी विवाद की स्थिति में अधोहस्ताक्षकर्ता का निर्णय ही अंतिम एवं सर्वमान्य होगा ।

# सीधी भर्ती से रिक्त पदों को भरते हेतु

आवेदन पत्र का नमूना

स्वप्रमाणित वर्तमान
पासपोर्ट साईज
फोटोग्राफ चिपकाएँ

प्रति,

अधीक्षण अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
जगदलपुर मण्डल, जगदलपुर

**विषय :— सीधी भर्ती से हैण्डपम्प तकनीशियन के रिक्त पदों को भरने हेतु आवेदन पत्र।**

1. पद का नाम : ............................................
2. आवेदक का नाम : ............................................
3. पिता / पति का नाम : ............................................
4. वर्तमान पता : ............................................
   दूरभाष क्रमाँक सहित ............................................
   ............................................
5. पत्र व्यवहार हेतु स्थाई पता : ............................................
   ............................................
   ............................................
6. जन्म तिथि (अंको में) : ............................................
   (शब्दों में) : ............................................
7. आयु (01.01.2017 को) : वर्ष .................. माह .................. दिन ..................
8. जन्म स्थान : ग्राम ..............................जिला .................. राज्य..................
9. जाति / वर्ग : ............................................
10. शैक्षणिक योग्यता :—

| क्र. | परीक्षा का नाम | वर्ष | विषय | बोर्ड का नाम | प्राप्तांक / प्रतिशत | श्रेणी | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

11. निःशक्तता का प्रकार (केवल निःशक्तजन के लिए) : ............................................
12. विशेष योग्यता / अनुभव : ............................................
13. वर्तमान तथा पूर्व नौकरी का विवरण : ............................................
14. रोजगार कार्यालय का नाम : ............................................
    जीवित पंजीयन क्रमाँक एवं दिनांक : ............................................
15. सभी प्रमाण पत्रों की अभिप्रमाणित छायाप्रति : ............................................

**संलग्नों की सूची :—** 1. ...................... 2. ...................... 3. ......................
4. ...................... 5. ...................... 6. ......................

**आवेदक के हस्ताक्षर**

**घोषणा—पत्र**

मैं घोषणा करता / करती हूँ कि आवेदन पत्र में दिये गये सभी विवरण मेरे ज्ञान एवं विश्वास के अनुसार सत्य, पूर्ण एवं सही है एवं आवेदित पद के लिए निर्धारित योग्यता रखता / रखती हूँ। मुझे जानकारी है कि इसमें दी गई कोई भी जानकारी या सूचना गलत, असत्य, अपूर्ण पाई जाने पर उक्त पद के लिए मेरी उम्मीदवारी रदद या निरस्त की जा सकती है इसमें मुझे कोई नोटिस दिये, मेरी सेवाएँ समाप्त की जा सकती है।

स्थान : **आवेदक के हस्ताक्षर**

दिनांक : **पूरा नाम , पता**
**एवं दूरभाष**

D:\2017\Establishment\ES General 2017 doc+165